देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 71 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सबसे निचली रेटिंग



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 12 जून 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 37.0° न्यूनतम 24.0°

33538.37

2 भाग खड़ी हुई पाकिस्तान सेना

7 खाली स्टेडियमों में हो सकता है आईपीएल

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने राजौरी में तोड़ा सीजफायर, सेना का एक जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तानी सेना के जवानों ने एक बार फिर भारी गोलाबारी की है। पाकिस्तानी सेना के जवानों ने राजौरी जिले के तमाम रिहाइशी इलाकों में भारी हथियारों से सीजफायर का उल्लंघन किया है। इस नापाक हरकत के बाद भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तान के खिलाफ हुई कार्रवाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हुआ भारतीय सेना का एक जवान शहीद भी हुआ है। पाकिस्तान ने इन इलाकों में 120 एमएम, 180 एमएम के मॉर्टार दागे थे, जिसमें एक स्थानीय नागरिक घायल हुआ है।

### हीरा व्यापारी नीरव मोदी की हिरासत बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन की एक अदालत ने भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को गुरुवार को 9 जुलाई तक और न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश दिए। भारत में अरबों रुपये के बैंक कर्ज घोटाले और मनी लॉन्डरिंग के मामलों में अभियुक्त नीरव मोदी पिछले साल मई से लंदन की एक जेल में कैद है। वह पिछले साल मार्च में गिरफ्तारी के बाद से वैंड्सवर्थ जेल में है।

### लालू प्रसाद यादव पर जेडीयू का बड़ा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार सरकार में मंत्री व जनता दल यूनाइटेड नेता नीरज कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर उनपर बड़ा हमला बोला है। उन्ह्होंने लालू की तुलना ठग से करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भी नटवर लाल करार दिया। उन्होंने एक और खुलासा करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ने तरुण यादव नाम के एक व्यक्ति के नाम पर भी जमीन खरीदी है। जमीन के दस्तावेज के अनुसार वह लालू का तीसरा बेटा है।

# डर भगा रहा कोरोना का आंकड़ा

## काबू में कोरोना, देश में 1प्रतिशत से कम आबादी में संक्रमण

### एक लाख 41 हजार से ज्यादा लोग हुए ठीक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के प्रसार को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आइसीएमआर के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) बलराम भार्गव ने कहा कि भारत इतना बड़ा देश है। यहां कोरोना वायरस की व्यापकता बहुत कम है। भारत में कोरोना वायरस कम्युनिटी ट्रांसमिशन के फेज में नहीं है। देश में अब तक 0.73 फीसद आबादी ही कोरोना वायरस से संक्रमित हुई है। यहां कोविड-19 मरीजों की मृत्यु दर भी दुनिया में सबसे कम है। इस दौरान उन्होंने सिरो सर्वे के नतीजों की जानकारी दी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा था कि दिल्ली में कोरोना वायरस का कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो चुका है, लेकिन इस बारे में घोषणा करने का अधिकार केंद्र अधिकार को है।

आइसीएमआर की इस घोषणा के बाद अब कम्युनिटी ट्रांसमिशन की अटकलों को लेकर विराम लग सकता है। सिरो सर्वे के बारे में बताते हुए डॉ.बलराम भार्गव ने कहा कि इस सर्वे से कई महत्वपूर्ण बातों का पता चलता है। सिरो सर्वे का मतलब है कि आम आदमी के एंटीबॉडी की जांच करते हैं। इस जांच के लिए लोगों का ब्लड के नमूने लेकर एंटीबॉडीज की जांच की जाती है। अगर कोई व्यक्ति पॉजिटिव है तो इसका मतलब है कि वो सार्स-कोव-2 से संक्रमित था। डॉ. भार्गव ने कहा कि इस सर्वे से पता चलता है कि कुल कितना प्रतिशत आबादी वायरस से संक्रमित हो चुकी है? किस व्यक्ति में संक्रमण का ज्यादा खतरा है?

सिरो सर्वे के लिए देश के 83 जिलों के 28,595 घरों का दौरा किया और 26,400 लोगों के खून के नमूने लिए गए। सर्वे में पाया गया कि इन जिलों में 0.73 फीसद लोगों में ही संक्रमण के सबूत मिले।



### देश की बड़ी आबादी पर कोरोना संक्रमण का खतरा बरकरार

डॉ. बलराम भार्गव ने यह भी कहा कि हमारी बड़ी आबादी अब भी खतरे में है, इसलिए कोरोना संक्रमण देश के कई हिस्स्सों मं तेजी से फैल सकता है। उन्होंने कहा कि शहरों में गांवों की तुलना में ज्यादा मामले पाए जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में 1.09 और शहरी झुग्गी बस्तियों में 1.89 गुना ज्यादा खतरा है। ऐसे में हमें इलाज और दवाइयों के इतर बचाव की सारी सावधानियां बरतने पर जोर देना होगा। शहरों के झुग्गी बस्तियों में संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा है। राज्य सरकारों को स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन लागू करना होगा।

### देश का रिकवरी रेट 49.21 फीसदः स्वास्थ्य मंत्रालय

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि आज देश का रिकवरी रेट 49.21 फीसद है, अब देश में रिकवर हो चुके लोगों की संख्या सक्रिय मामलों की संख्या से ज्यादा है। 11 जून तक हमारे देश में 1,41,028 लोग रिकवर हो चुके हैं। हमें तुलना उसी देश से करनी चाहिए जिसकी जनसंख्या हमारे देश के लगभग समान है। जिन देशों की जनसंख्या हमारे देश के अनुपात में काफी कम है उनके साथ हम तुलना नहीं कर सकते। कोरोना वायरस की मौतों को लेकर दिल्ली सरकार और एमसीडी के आंकड़ों में अंतर को लेकर संयुक्ध्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि देशव्यापी मौत की रिपोर्ट राज्यों के आंकड़ों के आधार पर संकलित की जाती है।

# आरक्षण बुनियादी हक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

■तमिलनाडु में 50 फीसदी ओबीसी आरक्षण को लेकर थी याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के कई राजनीतिक दलों के दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आरक्षण को लेकर बड़ी टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरक्षण कोई बुनियादी अधिकार नहीं है। कोर्ट ने साथ ही इस याचिका को भी सुनने से इनकार कर दिया।

तमिलनाडु के DMK&CPI&AIADMK समेत कई पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में छम्म्ज के तहत मेडिकल कॉलेज में सीटों को लेकर तमिलनाडु में 50 फीसदी OBC आरक्षण के मामले पर याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में किसका मौलिक अधिकार छीना गया है ? याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलों से लगता है कि आप सिर्फ तमिलनाडु के कुछ लोगों के फायदे की हीं बात कर रहे है।

जस्टिस एल नागेश्वर राव की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोई भी आरक्षण के अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, श्आरक्षण का अधिकार कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आज यही कानून है। तमिलनाडु में ओबीसी छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज में सीटों आरक्षित नहीं करने को मौलिक अधिकार का उल्लंघन मानने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

### भारत की चीन को दो टूक, संबध बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति है जरूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर लंबे समय से तनातनी की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कुछ स्थानों पर दोनों देशों की सेनाएं पीछे हटी हैं लेकिन अब भी वहां स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। भारत ने आज कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर जल्दी से जल्दी शांति बहाल करने के लिए सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार बात कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति जरूरी है। दोनों पक्ष इस बात को बखूबी जानते हैं और इसके समाधान के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6 जून को दोनों देशों के बीच हुई लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की बैठक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता का हिस्सा थी। इस बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि दोनों देशों के नेताओं की भावना के मुताबिक जल्दी से जल्दी इस मुद्दे का समाधान निकाला जाएगा।

# उत्तराखण्ड मैट्रो रेल परियोजना के सीएमपी को दी मंजूरी

## सीएम ने ली यूनिफाईड मैट्रो पॉलिटन ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय में यूनिफाईड मैट्रो पॉलिटन ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटी (यू.एम.टी.ए) की बैठक हुई।

बैठक में उत्तराखण्ड मैट्रो रेल परियोजना के कॉम्प्रीहेंसिव मॉबिलिटी प्लान (सी.एम.पी) को मंजूरी दी गई। देहरादून शहर में दिल्ली मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के सहयोग से रोप-वे प्रणाली की डीपीआर तैयार की जा रही है। हरिद्वार-ऋषिकेश एवं नेपाली फार्म -विधानसभा कोरिडोर में मैट्रो लाईट के निर्माण के साथ ही हरिद्वार शहर में पी.आर.टी के निर्माण हेतु अनुमोदन प्राप्त किया गया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में यू.एम.टी.ए का गठन किया गया है। इसमें आवास मंत्री, उत्तराखण्ड उपाध्यक्ष, मुख्य सचिव सदस्य सचिव, सचिव आवास, वित्त, परिवहन, नियोजन, राजस्व एवं शहरी विकास सदस्य हैं।



बैठक में एमडी उत्तराखण्ड मैट्रो रेल श्री जितेन्द्र त्यागी ने देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश मैट्रोलाईट सिस्टम पर विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर उन्होंने हरिद्वार से ऋषिकेश, दून से नेपाली फार्म तक मैट्रो लाईट के लिए रूट प्लान स्टडी के बारे में जानकारी दी। देहरादून व हरिद्वार शहर के लिए भी बनाई गई योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आवास मंत्री मदन कौशिक, प्रमुख सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव नितेश झा एवं सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी का आत्मनिर्भरता मंत्र

### पीएम ने उद्योगपतियों से आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड-19 से पूरी दुनिया लड़ रही है और भारत भी इसमें पीछे नहीं है। पर हर देशवासी अब इस आपदा को अवसर में बदलने की इच्छाशक्ति के साथ काम कर रहा है। पीएम मोदी ने देशवासियों और उद्योग जगत से अपील की जिस क्षेत्र में भारत पिछड़ा हुआ है वहां आत्मनिर्भर बनने का यही मौका है। उन्होंने कहा कि आज हमारे मन में एक बड़ा काश बन रहा है।

मोदी ने इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स कहा कि आज हर भारतीय के जेहन में यह सवाल होगा कि काश हम मेडिकल उपकरण बनाने के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर हो जाएं। काश हम कोयला और खनिज सेक्टर में आत्मनिर्भर हो जाएं। काश हम खाने के तेल के उत्पादन में आगे बढ़े। फर्टिलाइजर के उत्पादन में काश भारत आत्मनिर्भर बन जाए। कोरोना संकट से निकले सबक से निकला है आत्मनिर्भर भारत अभियान।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in